कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोरखपुर
(केन्द्रीय नजारत अनुभाग)
नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु जनपद न्यायालय, गोरखपुर परिसर में स्थित निम्नलिखित शेष दुकानों की नीलामी परिसर स्थित सभागार में दिनांक 26.04.2024 को सांयकाल 4:00 बजे होगी –

1. **चाय पकौड़ी की दुकान संख्या–03, बाहरी मुख्य गेट के बाहर उत्तर की तरफ**
2. **फोटोकापी की दुकान संख्या–03, भीतरी मुख्य गेट के अन्दर दक्षिण तरफ**
3. **फोटोकापी की दुकान संख्या–04, अभिलेखागार भवन के पश्चिम बरामदें में उत्तर तरफ**
4. **चना भूजा का ठेला**
5. **नाई की गुमटी**
6. **फल जूस का ठेला दुकान सं0–02 (मुख्य गेट के बाहर उत्तर की तरफ)**

नीलामी प्रक्रिया के नियम व शर्ते माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाईट **www.allahabadhighcourt.in** एवं जनपद न्यायालय, गोरखपुर की आधिकारिक वेबसाईट **https://districts.ecourts.gov.in/gorakhpur** पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त नीलामी से सम्बन्धित अन्य विवरण न्यायालय के सूचना पट्ट अथवा केन्द्रीय नजारत से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है। दिनांक 26.04.2024 को होने वाली नीलामी में अधिक से अधिक बोलीदाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु नीलामी सूचना को जनपद मुख्यालय के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों एवं प्रमुख समाचार–पत्रों में प्रकाशित किया जाये।

19/4/24
(सुबोध वार्ष्णेय)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जनपद न्यायाधीश/
जनपद न्यायालय, गोरखपुर।

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषितः–

1. नाजिर, आयुक्त कार्यालय, गोरखपुर।
2. नाजिर, सदर कलेक्ट्रेट, गोरखपुर।
3. नाजिर, तहसील सदर, गोरखपुर।
4. मुख्य नगर अधिकारी, नगर–निगम, गोरखपुर।
5. मुख्य विकास अधिकारी, विकास भवन, गोरखपुर।
6. जिला सूचना अधिकारी, गोरखपुर में समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. सूचना पट्ट, जनपद न्यायालय, गोरखपुर पर चस्पा करने हेतु।
8. रेलवे जंक्शन, गोरखपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
9. बस स्टेशन, गोरखपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
10. सिस्टम ऑफिसर, जनपद न्यायालय, गोरखपुर को माननीय उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय, गोरखपुर की आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।